यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा यूपीआई और यूपीआई लाइट पर क्रेडिट कार्ड का शुभारंभ

मुंबई – 20 सितंबर 2022: यूनियन बैंक ऑफ इंडिया यूपीआई और यूपीआई लाइट के माध्यम से क्रेडिट कार्ड भुगतान शुरु करने वाला अग्रणी बैंक है. इसे आज मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट के दौरान एनपीसीआई के सलाहकार श्री नंदन नीलेकणि की उपस्थिति में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर माननीय श्री शक्तिकांत दास द्वारा इसका शुभारंभ किया गया.

यूपीआई क्रेडिट कार्ड के आरंभ होने के साथ ही यूनियन बैंक रुपे क्रेडिट कार्ड धारक अब भीम एप के माध्यम से व्यापारियों को यूपीआई भुगतान कर सकते हैं. ग्राहक अपने क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके व्यापारियों का यूपीआई क्यूआर कोड स्कैन कर भुगतान भी कर सकते हैं. वर्तमान में यह सुविधा यूनियन बैंक रुपे क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए एनपीसीआई की भीम एप पर उपलब्ध है. शीघ्र ही इस उत्पाद को भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र में अन्य यूपीआई एप के लिए चालू किया जाएगा.

यूपीआई लाइट के प्रारम्भ होने से, यूनियन बैंक के ग्राहक यूपीआई पिन के बिना छोटे यूपीआई (200 रुपए तक) भुगतान कर सकते हैं. यह सुविधा वर्तमान में एनपीसीआई भीम एप पर उपलब्ध है. एक बार जब मौजूदा यूपीआई ग्राहक यूपीआई लाइट से जुड़ता है तो ग्राहक के खाते से पुनःपूर्ति योग्य अधिकतम 2000 रुपए मूल्य तैयार होते हैं. इस प्रकार यह व्यस्ततम समय में लेनदेन में लगभग शून्य असफलता के साथ ग्राहक को एक अतिरिक्त सुविधा प्रदान करेगा. ग्राहक यूपीआई लाइट का उपयोग करके एक दिन में अनगिनत लेनदेन भी कर सकते हैं.